तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 28 नवंबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



14 मरकाटोला में नवीन धान खरीदी केंद्र व...





14 रासयो शिविर के समापन में विधायक बेहतरी...









## खबर संक्षेप



### शिविर में किडनी मरीजों का किया गया उपचार

**कांकेर**। बस्तर संभाग में पहली बार डायबेटिक नेफ्रोपैथी के निदान के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन सिविल अस्पताल पखांजूर में किया गया, जिसमें अधिक संख्या में किडनी के मरीजो का उपचार किया गया और ऐसे मरीज जिनकी किडनी में क्षति पहुँचने की गुंजाइश ज़्यादा है, उनके लिये एम्स रायपुर में विशेष पखांजूर के मरीजों के लिए प्रत्येक गुरुवार को सुबह 09 से 01 बजे तक ओपीडी का इंतजाम नेफ्रोलॉजी विभाग में किया गया है। शिविर को सफल बनाने में सीएमएचओ डॉ. महेश सॉंडिया, राज्य सलाहकार एनसीडी डॉ. उर्विन शाह, राज्य सलाहकार एनसीडी (एनएचएम) सुबोध शर्मा, जिला नोडल अधिकारी डॉ. लोकेश देव सहित समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

### दिव्यांग तरूण को मिला व्हीलचेयर

**कांकेर**। विकासखण्ड नरहरपुर के ग्राम सरोना निवासी 09 वर्षीय तरूण कुमार नायक को व्हीलचेयर प्रदान किया गया। दिव्यांग तरूण पैरों से 80 प्रतिशत दिव्यांग है और कक्षा दूसरी में अध्ययनरत है। विद्यालय की शिक्षिका एवं माता-पिता द्वारा सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए आवेदन किया गया था, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क व्हीलचेयर प्रदाय की गई।

### निशुल्क प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 5 को

**कांकेर**। जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पखांजूर में असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन (डोमेस्टिक) ⏭शेष पेज 12 पर

दिक्कत : हर साल मिलती थे लाखों की राशि, जनहित के कार्य हो रहे हैं प्रभावित

# चुनावी साल में विकास निधि नहीं मिलने से नपा अध्यक्ष व पार्षदों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अध्यक्ष और पार्षदों को वार्ड विकास

- राज्य शासन से अध्यक्ष को 25 लाख, हर पार्षदों को साढ़े 4 लाख, नपं अध्यक्ष को 18 लाख देने का है प्रावधान
- 15 दिसंबर से आचार संहिता लगने की संभावना, और पार्षद सरकार पर ही ठीकरा फोड़ेंगे

के लिए हर साल निधि के तौर लाखों रूपएं दिया जाता है, लेकिन कांकेर जिले के नगर पालिका एवं नगर पंचायत के पार्षदों को सालभर इंतजार करने के बाद भी फूटी कौडी नही मिली हैं। पार्षद निधि नहीं मिलने से पार्षद बेहद परेशान हो गए है और अब चुनाव नजदीक आने से चिंता सताने लगी है। जिले के नगरीय निकाय के अधिकारियों का कहना है कि इसके बारे में प्रदेश स्तर के अधिकारी ही कुछ बता सकते है। राज्य शासन द्वारा नगर पालिका के अध्यक्ष को 25 लाख रूपएं, पार्षद को साढ़े 4 लाख, नगर पंचायत के अध्यक्ष को 18 लाख और पार्षद को 3 लाख मुहल्ले में खर्च करने के लिए अध्यक्ष निधि व पार्षद निधि के रूप में दिया जाता है। सरकार पार्षदों को हर साल दो किस्तों में पार्षद निधि की राशि उपलब्ध कराती है। वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष के अप्रैल माह से आज तक अध्यक्ष व पार्षद निधि की एक भी किस्त जारी नहीं किया गया है। भाजपा सरकार इस मसले पर ध्यान नहीं दे रही है, जिसके



### राशि के पड़े लाले

अध्यक्ष एवं पार्षद निधि की राशि को मुहल्लेवासियों की मनपसंद के अनुसार काम करवा देते है, जिससे उनका वोट बैंक पक्का हो जाता है। चुनावी वर्ष में निधि की राशि जारी नहीं होने से पार्षदो को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेसी पार्षदों में अब आक्रोश बढ़ने लगा है और उनका कहना है कि सरकार हम लोगों को निपटाने के लिए सोच समझ कर चाल चल रही है।

चलते भाजपा व कांग्रेस के वर्तमान पार्षद दिक्कत में फंस गए है। पार्षदों के लिए 15 दिन में राशि जारी नहीं हुई तो यह तय है कि 15 दिसंबर तक आचार संहिता लग जाएगी और पार्षद सरकार पर ही ठीकरा फोड़ेंगे। पार्षदों ⏭शेष पेज 12 पर

### दिक्कतों का करना पड़ रहा सामना

शिव नगर की कांगेसी पार्षद लीना मनोज जैन ने कहा कि निधि की राशि आज तक नहीं मिल पाने के कारण जनहित के कार्य नहीं हो पाने के कारण दिक्कत हो रही है। माहुरबंदपारा वार्ड के कांग्रेसी पार्षद दीपक शोरी का कहना है कि कांग्रेस के कार्यकाल में हर साल दो किस्त निधि की राशि मिल जाती थी, परंतु अभी तक नहीं मिल पाया है, जिससे कई प्रकार के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### निधि जल्द दी जाए

महात्म गाँधी वार्ड के भाजपा पार्षद शैलेंद्र शोरी ने कहा कि आठ माह में अभी तक निधि की राशि नहीं मिला है। निधि की राशि नहीं मिलने से मुहल्ले के छोटे कार्य जो हो जाते थे, वो नहीं हो पा रहे है। शांतिनगर की भाजपा पार्षद रमशीला साहू का कहना है कि आठ माह से निधि की राशि नहीं आई है। हमारी माँग है कि जल्द निधि की राशि मिलना चाहिए।

### जनहित के कैसे होंगे कार्य



कांकेर नगरपालिका अध्यक्ष सरोज जितेंद्र सिंह ठाकुर का कहना है कि प्रत्येक वर्ष साल में निधि की राशि दो किस्त में जारी हो जाता था, परंतु इस बार सत्र को बीते आठ माह हो गए, एक भी किस्त जारी नहीं किया गया है। निधि की राशि जारी नहीं होने से जनहित के कार्य कैसे होंगे। सरकार जनहित के कार्य के लिए पीछे हट रही है। हमारी माँग है कि निधि की राशि को जल्द जारी किया जाए।

# एथेलेटिक्स स्पर्धा में कांकेर कॉलेज चैंपियन व केशकाल रहा उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सेक्टर स्तरीय एथेलेटिक्स पुरुष वर्ग एवं एथेलेटिक्स महिला वर्ग 2024-25 प्रतियोगिता का आयोजन नरहरदेव खेल मैदान में आयोजित किया गया। बस्तर संभाग के 25 महाविद्यालयों के लगभग 300 खिलाडियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिता में ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता पुरुष वर्ग 2024-25 का ओवर आल विजेता भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर एवं उपविजेता शासकीय गुन्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागाँव रही और साथ ही एथलेटिक्स प्रतियोगिता महिला वर्ग 2024-25 का ओवर आल विजेता भानुप्रतापदेव



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर एवं उपविजेता शासकीय महाविद्यालय केशकाल रही।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र भाऊ एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम, ने विजेता एवं उपविजेता टीम को एथेलेटिक्स पुरुष वर्ग एवं एथेलेटिक्स महिला वर्ग 2024-25 को भानुप्रतापदेव ट्राफी देकर सम्मानित कर खिलाडियों का हौसला बढ़ाते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगतिया के लिए शुभकामनाए देकर बस्तर संभाग का नाम देश में रौशन करने के लिए प्रेरित किया। जनभागीदारी समिति के सदस्य सपन श्रीवास्तव, सुनील जायसवाल, जयप्रकाश गेडाम एवं शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के खेल संचालक बीएल केंवट, अग्रणी महाविद्यालय शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नवीन कुमार सिंह प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक सावन कुमार पड़ोटी, खेल विशेषज्ञ सुनील देव ⏭शेष पेज 12 पर






कोदापाखा में जसनि शिविर के दौरान कलेक्टर ने किया भूमिपूजन

# महिला हितग्राही के पीएम आवास का कलेक्टर ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिले के अतिसंवेदनशील ग्राम कोदापाखा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पहुँचे कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर कोदापाखा निवासी पीएम आवास हितग्राही सुखमोतिन बाई के घर पहुँचकर प्रधानमंत्री आवास का भूमिपूजन किया। कलेक्टर को देख हितग्राही गदगद हो गई और कहा कि मैने कभी नहीं सोंचा था कि ऐसा भी हो सकता है।

दुर्गूकोंदल विकासखंड के ग्राम कोदापाखा अतिसंवेदनशील गाँव आज भी बना हुआ है, एक साल पहले नक्सली नेटवर्क का खुलासा हुआ था। इस गाँव में प्रशासन ने 27 नवंबर को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया, जिसमें जिला



### आंगनबाड़ी केंद्र का लिया जायजा

कलेक्टर ने ग्राम कोदापाखा में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया तथा बच्चों के मनोरंजन के लिए एलईडी टीवी की मांग के लिए प्रस्ताव भेजने के लिए कहा।

अधिकारियों के साथ कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर पहुँचे। जनसमस्या शिविर में लोगों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण का आश्वासन भी दिया। इसके उपरांत कोदागांव की महिला सुखमोतिन बाई के लिए पीएम आवास स्वीकृत हुआ था, उसके घर पहुँचकर आवास निर्माण के लिए भूमिपूजन कलेक्टर ने किया, वहीं महिला कलेक्टर को देख खुशी से ⏭शेष पेज 12 पर

### धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्र कोदापाखा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान नए बारदानों का उपयोग के साथ-साथ पुराने बारदाने लाने की समझाइश किसानों को दी। उन्होंने बताया कि पुराने बारदाने के एवज में किसानों को शासन द्वारा 25 रुपए प्रति बोरे के मान से राशि दी जा रही है। इसी तरह बारदानों पर स्टेंसिल प्रिंट अच्छी तरह से कराने के निर्देश समिति प्रबंधक को दिए, जिससे उस पर स्पष्ट रूप से समिति के नाम व अन्य जानकारी परिलक्षित हो। इसके अलावा उन्होंने अपने समक्ष धान के लॉट से आर्द्रतामापी यंत्र के जरिए मापन कराया, जिसमें नमी का प्रतिशत 14 पाया गया। कलेक्टर ने समिति के कर्मचारी को निर्देशित किया कि धान में नमी 17 प्रतिशत से अधिक पाए जाने पर किसानों को उस धान को अच्छी तरह से सुखाकर दोबारा बेचने के लिए लाने का आग्रह करने निर्देशित किया।

## खबर संक्षेप

### एडवेंचर हाइक व्यक्तिगत विकास शिविर



**भोंड।** स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के द्वारा भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय एडवेंचर हाइक व्यक्तिगत विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर का आयोजन ग्राम जलकी की सिरपुर जिला महासमुंद में किया गया है। जिसमें सम्मिलित होने बस्तर जिले की 30 सदस्य टीम जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के मार्गदर्शन में 25 नवम्बर को रवाना की गई। इस दल में सेजस तोकापाल से 8, हाइस्कूल कुरन्दी से 6, सेजस करीतगांव से 5 घाटलोंहगा से 7, कन्या क्र. से 2से स्काउट गाइड और 3 शिक्षक बस्तर टीम में शामिल है। इस अवसर पर जिला स्काउट आयुक्त दसरू यादव, डीएमसी अखिलेश मिश्रा और स्काउट गाइड़ मास्टर लिलेश देवांगन, एसआर अली, सुनीता डहरिया उपस्थित रहे।

### रोजगार मेला का आयोजन कल

**दंतेवाड़ा।** जनपद पंचायत कुआकोंडा से जारी विज्ञप्ति अनुसार जनपद पंचायत कुआकोंडा के सभाकक्ष में जनपद स्तरीय रोजगार मेला 29 नवंबर को समय 12 बजे आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में ग्राम पंचायत के अन्तर्गत बेरोजगार युवा, युवती जो 18 वर्ष आयु से अधिक जैसे 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं योग्यताधारी-मार्कशीट, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो के साथ जनपद स्तरीय रोजगार मेला कार्यालय जनपद पंचायत कुआकोंडा के सभाकक्ष में युवक, युवतियों को संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### छात्रों ने किया रक्तदान

**बीजापुर।** बस्तर डिवीजन जेएनवी एल्युमिनी एसोसिएशन बडजा के तत्वाधान में बीजापुर जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय के भूतपूर्व छात्रों ने जिला चिकित्सालय के ब्लड सेंटर में रक्तदान किया। विदित हो कि बड़जा, बस्तर संभाग के सातों जिलों के नवोदय विद्यालयों से निकले छात्रों का पंजीकृत संगठन है। जिसका मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता निभाना है। बीते माह कन्या रेसीडेंशियल स्कूल नैमेड में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर लगभग 84 बच्चों को चश्मा वितरण किया गया था। इसी कडी में सामाजिक सहभागिता निभाने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें एक महिला रक्तवीर सहित कुल 18 रक्तवीरों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्त वीरों को सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर अरुण एवं आवासीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण कंवर के कर कमलो से फूल माला पहनाकर, सर्टिफिकेट वितरण कर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला चिकित्सालय प्रबंधन का विशेष सहयोग के साथ साथ जलपान एवं रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम में बड़जा उपाध्यक्ष अंकित गांधरला, जिला संयोजक सदाशिव दुर्गम, अमित गांधरला, देव प्रकाश चापड़ी, डालेंद्र देवांगन, भरत दुब्बा का सहयोग रहा।

हर घर जल प्रमाणीकरण से ग्रामीणों में उत्साह

# दूरस्थ क्षेत्रों में जल जीवन मिशन बना ग्रामीणों के लिए वरदान





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत बुर्कालंका के अंतर्गत गच्चनपल्ली, ग्राम पंचायत कारीगुंडम के अंतर्गत पुट्टपाड़ और निमलगुडा, ग्राम पंचायत चिउरवाड़ा के अंतर्गत चिउरवाड़ा और ग्राम पंचायत कोडरीपाल के अंतर्गत कोडरीपाल गांवों को जल जीवन मिशन के तहत शत प्रतिशत हर घर में जल पहुँचाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया। ग्राम सभा में स्थानीय पटेल, मुखिया, सचिव, पीएचई विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचायतों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है।

पहुंच मार्ग के अभाव में पहाड़ों और जंगलों के बीच से कठिनाई का सामना करते हुए भी जल जीवन मिशन कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। ग्रामीणों और अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों से चुनौतीपूर्ण कठिन परिस्थितियों में भी योजना को साकार किया जा रहा है।

### पानी की गुणवत्ता जांचने दिया प्रशिक्षण

कार्यक्रम के दौरान ग्राम जल वाहिनी दीदी और ग्रामीणों को एफटीके फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने का प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी समन्वयक द्वारा बनाए गए स्टैंड पोस्ट और पाइपलाइनों की गुणवत्ता पर जोर दिया गया। प्रत्येक घर में नल कनेक्शन के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जल जीवन मिशन के तहत योजना के सफल संचालन, संधारण और प्रबंधन के लिए ग्रामवासियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। ग्रामीणों से पानी के सदुपयोग और घरेलू नल कनेक्शन को सही तरीके से बनाए रखने का आग्रह किया गया। कोडरीपाल गांव में हर घर से 50 जल कर वसूलने की पहल की गई है, जो ग्रामीणों की सहभागिता और उनकी जल प्रबंधन के प्रति जागरूकता को दर्शाता है। यह योजना के निरंतर संचालन के लिए एक सराहनीय कदम है। ग्राम सभा और प्रशिक्षण सत्रों में पीएचई विभाग के जिला समन्वयक सीडीएटी अरुण सरकार, डब्लूक्यूएमआईएस समन्वयक सतीश साहू, उप अभियंता दिलीप मांडवी और रितेश पैकरा सहित अन्य मैदानी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दुर्गम क्षेत्रों में पहुंची जल जीवन मिशन

गच्चनपल्ली, पुट्टपाड़, निमलगुडा, चिउरवाड़ा और कोडरीपाल गांवों में हर घर जल उत्सव आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच और स्थानीय समितियों की सहभागिता से इन गांवों को भी हर घर जल प्रमाणीकरण का दर्जा मिला । जल जीवन मिशन के अंतर्गत सुकमा जिले के संवेदनशील और दुर्गम क्षेत्रों में योजनाओं का क्रियान्वयन ग्रामीण विकास और सामुदायिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह पहल जल संकट से जूझ रहे दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# विधायक ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल ने मंगलवार को विकासखंड बकावंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे। क्रिकेट मैदान के समीप आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित छोटे देवड़ा धान खरीदी केंद्र में पहुंचकर निरीक्षण किया।

इस दौरान लैम्पस प्रबंधक टिकेश्वर सेठिया से विधायक ने जानकारी लेते हुए पूछा कि इस वर्ष आपके लैम्पस में कितने पजीकृत किसानों ने पंजीयन कराया है। लैम्पस प्रबंधक ने बताया कि इस वर्ष कुल पंजीयन जिन किसानों का हुआ है उनकी सँख्या 787 किसान है। अभी तक खरीदी विक्रय कृषक 17 जिसमें से 980.40 क्विंटल खरीदी की गई है। धान खरीदी केंद्र में अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए विधायक ने प्रबंधक से प्रति एकड़ कितने का टोकन कट रहा है टोकन मे धान तो कम तो नहीं लिया जा रहा है। प्रबंधक ने बताया कि प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से ही किसानों को टोकन दिया जा रहा है। विधायक ने उपस्थित कर्मचारियों को किसानों को दिक्कत ना हो धान बेचने में इस बात का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया। धान खरीदी केंद्र में पहुंचे किसानों से चर्चा करते हुए पूछा कि टोकन कटने में दिक्कतों का सामना करना तो नहीं पड़ रहा है। किसानों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि धान खरीदी को लेकर कोई भी समस्या आए तो तत्काल फोन लगाकर मुझे अवगत करा सकते हैं। धान खरीदी केंद्र में समस्या न हो मैंने उच्च अधिकारियों को साफ तौर पर कह चुका हूं।

## छुटवाई में फोर्स की मदद से शुरू हुआ मोबाइल सेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले के अंदुरुनी क्षेत्रों के ग्रामीणों व युवाओं को संचार सुविधा से जोड़ने चलाये जा रहे संचार क्रांति में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। तर्रेम क्षेत्र के छुटवाई में फोर्स की मदद से बीते दिनों जिओ मोबाईल नेटवर्क शुरू कर दिया गया है। छुटवाई में मोबाईल नेटवर्क शुरू होने से इसका लाभ अब ग्रामीण व युवा वर्ग को आसानी से मिलने लगेगा।

उसूर ब्लाक के तर्रेम थाना क्षेत्र के अंदुरुनी गांव छुटवाई में नियद नेल्लानार योजना के तहत वहां के ग्रामीण व युवाओं को सौगात देते हुए फोर्स की मदद से जिओ मोबाईल नेटवर्क शुरू कर संचार सुविधा का विस्तार किया गया हैं। बीते दिनों छुटवाई में नियद नेल्लानार योजना के तहत लगे टावर के शुरू होने से छुटवाई सहित गुंडेम, कोंडापल्ली, गगनपल्ली व मुरकीनार के ग्रामीण भी इसका लाभ उठाएंगे। संचार क्रांति की इस नई पहल से क्षेत्र के ग्रामीणों का मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलने लगेगा। साथ ही मजबूत नेटवर्क व इंटरनेट की सुविधा से ग्रामीण इलाकों में पढ़ने वाले छात्रों व प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को इससे ऑनलाइन पढ़ाई में फायदा पहुंचेगा। सुरक्षा व्यवस्था के साथ पुलिस व प्रशासन द्वारा उठाये गए इस महत्वपूर्ण कदम से क्षेत्र में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों को अब आसानी से अपने परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने का अवसर प्राप्त हुआ हैं।

## गुम 4 मोबाइल फोन लोगों को मिले



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

दरभा पुलिस ने 4 ग्रामीणों के चोरी किए गए और खोए हुए मोबाइलों को ढूंढ निकाला है। 4 मोबाइलों को उनके मालिकों को बुलाकर उन्हें सौंप दिया।

दरभा पुलिस के इस काम की दरभा ब्लॉक में प्रशंसा की जा रही है। कोयपाल निवासी बिंदिया कश्यप, नंद किशोरी जिनका फोन कुछ दिन पहले चोरी हों गया था। उनका कहना है बुधवार को मुझे मेरी चोरी हुई मोबाइल फोन पुलिस द्वारा लौटाया गया। जिससे मैं बहुत खुश हूं साथ ही दरभा पुलिस की सरहानीय कार्य की प्रशंसा करती हूं। दरभा पुलिस थाना के प्रभारी चाणक्य नाग की मौजूदगी में चोरी हुई और गुम हुए 4 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिया गया। दरभा पुलिस ने सर्विलांस टीम साइबर की मदद से मोबाईल खोने और चोरी होने की दर्ज रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए फोन को ढूंढ निकाला। इससे पहले भी 7 लोंगो को उनके मोबाईल फोन वापस किये गए थे। थाना प्रभारी ने कहां है अभी फिर चार लोंगो के मोबाइल बरामद हुए है। मोबाइल खोने और चोरी होने की जो सूचना दर्ज हुई थी उसी क्रम में पुलिस की स्पेशल सर्विसलांस साइबर टीम ने इन मोबाइल को ट्रेक किया। उनको बरामद कर इससे जो लोग प्रभावित हुए थे उन लोगों को वापस लौटाए गए हैं। आगे भी इस तरह की कार्रवाई पुलिस करते रहेगी।

### युवा प्लाटून कमांडर पद पर चयनित...





कोंटा। माओवाद प्रभावित क्षेत्र से प्लाटून कमांडर के पद पर चयनित सोढ़ी देवा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसपी किरण गंगाराम चव्हाण और सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सोढ़ी देवा को प्लाटून कमांडर के पद पर चयनित होने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा भी उपस्थित थे।

## कबीर पंथ के अनुयायियों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

कबीर पंथ अनुयायियों के धर्मस्थल दामाखेड़ा जिला बलौदाबाजार में कबीर पंथ के वंशाचार्य हुजुर उदितनाम साहेब पर हमला का जगह-जगह विरोध हो रहा है। जिससे इस पंथ के अनुयायियों में आक्रोश है। इसी मामले को लेकर बस्तर जिले के कबीर पंथ के सैकड़ों अनुयायियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम जिला बस्तर के डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

कबीर पंथ अनुयायियों ने बताया कि कबीर पंथ का इतिहास 600 वर्षों से ज्यादा पुराना है। इसके अनुयायी देश के विभिन्न राज्यों में निवासरत हैं। कबीर पंथ शांति का पंथ है तथा व्यक्ति निर्माण एवं सदभावना, भाईचारा को बढ़ावा देता है। पंथ समाज के लोगों ने बताया कि 31 अक्टूबर को धर्मनगर दामाखेड़ा में जिला बलौदाबाजार में असामाजिक तत्वों ने नवोदित वंशाचार्य हुजुर उदितमुनि नाम साहेब पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की। बताया कि कबीर पंथ हमेशा सत्य, अहिंसा और शांति का पक्षधर रहा है। कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहायक रहते हैं। सद्गुरु कबीर धनिधर्मदास वंशावली मिशन के बस्तर जिला प्रतिनिधि ने अपने वक्तव्य में कहा कि उपरोक्त मामला सोची-समझी साजिश एवं दुर्भावना से किया गया हमला है जो पंथ अनुयायियों के मन मस्तिष्क को विचलित कर रहा है जिससे कबीर पथियों के मन में मानवीय स्वभाव से दुख एवं आक्रोश है। अतः जल्द से जल्द हमलावरों पर कार्रवाई करवाने के लिए आपसे विनम्र अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ राज्य के माननीय मुख्यमंत्री जी को हमारी ज्ञापन को प्रेषित कराया जावे। ज्ञापन देने वालों में सद्गुरु कबीर धनिधर्मदास साहब वंशावली मिशन जिला बस्तर के जिला प्रतिनिधि श्याम दीवान, परोपकारी प्रतिनिधि पवनदास बघेल, जिला सलाहकार महंत लक्ष्मीकांत पंत, जिला युवा प्रतिनिधि तुलेशदास, महिला प्रतिनिधि हीरामनी, तहसील प्रतिनिधि गिरधर दास, अनिल बघेल, सुखचंद दास, महंत केदार दास, लक्ष्मण दास, सोनाधर दास, ललित दास, महंत बुधमन दास, महंत कपिल दास, अजर दास, रतन दास, रामचरण, फरसू दास सहित काफी संख्या में आमीन माता महिला मंडल, नवयुवक मंडल आदि प्रकोष्ठ के कबीर पंथ अनुयाई मौजूद रहे।

### विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के सवालों का दिया जवाब



**बस्तर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठियागुड़ा के राष्ट्रीय सेवा योजना 7 दिवसीय विशेष शिविर मांदर में 24 नवंबर से आयोजित है। शिविर के द्वितीय दिवस के बौद्धिक परिचर्चा में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी एमआर मंडावी के आमंत्रण से आदिवासी युवा छात्र संगठन विकासखंड ईकाई लोहण्डीगुड़ा के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा बारी-बारी से विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा और कैरियर के अवसरों के बारे में जागरूक करना था। आदिवासी युवा छात्र संगठन के सदस्यों ने छात्रों को अपने अनुभव साझा किए और उन्हें सफलता के लिए आवश्यक गुणों के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने अपने सवाल पूछे और विशेषज्ञों ने उनके सवालों का जवाब दिया।

## विधायक ने स्व सहायता समूह से जुड़ने महिलाओं को किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

जनपद पंचायत गीदम के नागदेवता संकुल संगठन मुचनार में ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्क्लेव 2024 के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह के लिए परंपरागत देशी व्यंजन प्रतियोगिता एवं जैविक खेती प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। 17 स्व सहायता समूह के दीदियों ने देशी व्यंजन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया, जिसमे स्थानीय व परम्परागत सामग्रियों से 26 प्रकार के स्वादिष्ट पकवान प्रस्तुत किये गये व जैविक खेती प्रतिस्पर्धा में 8 स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जीवामृत, हांडी दवा, घनामृत, बीजामृत, गोबर खाद प्रस्तुत किया गया। साथ ही संकुल के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, जिला पंचायत सदस्य बैसुराम मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष अंति वेक, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, नगर पंचायत बारसूर उपाध्यक्ष, जिला पंचायत दंतेवाड़ा से नितेश देवांगन, उमेश पाल उपस्थित रहे। चैतराम अटामी द्वारा जैविक कृषि से जुड़ने के लिए सभी स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित किया। प्रतियोगिता परीक्षण दल ऋषिका नेताम पर्यवेक्षक, विकास जोशी के द्वारा मूल्यांकन व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसमें व्यंजन प्रतियोगिता अंतर्गत प्रथम स्थान पर साक्षी स्व सहायता समूह कोरकोटि, द्वितीय स्थान पर माता तुलसी स्व सहायता समूह पदमेटा ने स्थान हासिल किया। जैविक खेती प्रतिस्पर्धा अंतर्गत प्रथम स्थान पर मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह मुचनार , द्वितीय स्थान पर वान्या मां दंतेश्वरी स्व सहायता रोंजे ने स्थान हासिल किया। विधायक ने सभी को पुरुष्कृत कर बधाई के साथ उत्साहवर्धन किया।

## प्राथमिक शाला कारली के बच्चों को कराया न्यौता भोज




हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

गीदम ब्लॉक के प्राथमिक शाला पुलिस लाइन कारली में पदस्थ सहायक शिक्षिका गीता देवांगन का जन्मदिन मनाया गया।

इस अवसर पर न केवल विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों के बीच खुशी का माहौल बनाया, बल्कि उनके प्रति सम्मान और प्रेम को भी उजागर किया। समारोह की शुरुआत बच्चों द्वारा उत्साहपूर्वक गाए गए गीत और केक काट कर हुई। बच्चों ने शिक्षिका और उनके मार्गदर्शन को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर को और भी खास बनाने के लिए गीता देवांगन के पति बलाराम देवांगन प्रधानपाठक माशा कारली ने विद्यार्थियों और अतिथियों के लिए एक भोज का आयोजन किया। बच्चों और शिक्षकों ने इन व्यंजनों का आनंद लेते हुए समारोह का हिस्सा बने रहने का भरपूर आनंद लिया।

समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी गीदम शेख रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी पुनेम, खंड स्त्रोत समन्वयक जितेंद्र सिंह चौहान, संकुल प्राचार्य केआ ठाकुर, संकुल समन्वयक इनोर कोवासी, प्रदीप कुमार गर्ग, मीना कोर्राम, नीलम सिंह, पूनम देवांगन और महेश नेताम जैसे अतिथि उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./202411140100008/
अ-21(2)/2024-25
ग्राम- कराठी प.ह.न.-06 सम्बलपुर

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम कराठी के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि प्रकरण आवेदक गोविन्द वाधवानी पिता बीरूमल जाति सिंधी निवासी मकान नम्बर 171 वार्ड क्रमांक 25 जगजीवनराम वार्ड दल्लीराजहरा तहसील डौण्डी जिला बालोद द्वारा ग्राम कराठी स्थित अपने भूमिस्वामी हक की औद्योगिक प्रयोजन परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 159 रकबा 2.0030 हेक्टर परिवर्तित लगान 1585.00 रूपये की भूमि को अपना व्यवसायिक उन्नति एवं ग्राम कराठी से बाहर रहने के कारण भूमि का देखभाल नहीं होने से अनावेदक क्रेता राहुल छाजेड़ पिता मांगीलाल जाति जैन निवासी सम्बलपुर तहसील भानुप्रतापपुर के पास विक्रय करने हेतु 55,00,000/- रूपये में सौदा कर विक्रय अनुमति हेतु कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के समक्ष आवेदन करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है। प्रकरण गतिशील है ।

अतः उक्त आवेदित भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेश तिथि 06/12/2024 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./202411140400015 / अ-6/2024-25

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रतिभा सिन्हा पति लोकेश्वर सिन्हा निवासी नावडबरी, तह. नरहरपुर, तह. कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के व्दारा मोहल्ला माहुरबंदपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 10 डी, प्लाट नं. 60/3, क्षेत्रफल 202 व.मी., खाली जगह, भू भाटक 45.49 रू. दमयन्ति राजपूत पति रामचरण नि. नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका व्दारा उक्त भूमि को विक्रय पत्र कीमती 20,00,000.00 रू. (बीस लाख रूपये) में क्रय कर दिनांक 23.08.2024 को उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेता का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने विक्रय पत्र की छायाप्रति सहित छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर / मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 25/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर ◉ भिलाई ◉ बिलासपुर ◉ रायपुर ◉ जगदलपुर ◉ कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अगहन का दूसरा गुरुवार आज घरों में लक्ष्मी पूजा की तैयारी

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अगहन बृहस्पति को महिलाएं विधि विधान से पूजा अर्चना कर मानती हैं। अगहन गुरुवार का यह गुरुवार दूसरा है, जिसकी तैयारी महिलाएं एक दिन पूर्व करती हैं। एक तरह से यह पर्व प्रकृति और पर्यावरण से संबंधित होते हैं। देवउठनी एकादशी के बाद से ही शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं, जिसमें अगहन मास को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। वैसे इस व्रत का प्रभाव दिन प्रातः से लेकर रात्रि तक देखा जाता है। इसके साथ ही पूजा की तैयारी को एक दिन पहले से ही कर ली जाती है। अचल में अघन गुरुवार लक्ष्मी माता के रूप में पूजा अर्चना कर यह व्रत पूर्ण करती हैं, जिसमें महिलाएं सुबह अपने-अपने घरों में इस व्रत से संबंधित कथा का वाचन और श्रवण करती हैं। कथा वाचन और पूजा अर्चना के बाद आरती करती हैं। इतना ही नहीं हर गुरुवार को यह पूजा नियमित रूप से की जाती हैं। इस पूजा के माध्यम से अपने घरों के आसपास साफ सफाई कर गोबर लिपकर शुद्धि के साथ ही रंगोली सजाकर स्वच्छता के प्रति समाज को संदेश देने का कार्य भी कर रही हैं। इस परम्परा को अपने मोहल्ले तक सीमित न रख विस्तार करने की अब महिलाएं पहल करने लगी हैं।

### आयुक्त ने नए बस स्टैंड में साफ-सफाई का लिया जायजा

**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के तहत बुधवार सुबह आयुक्त निर्भय कुमार साहू ने नया बस स्टैंड परिसर का दौरा बाजार व्यवस्था का जायजा लिया। साफ-सफाई पर विशेष फोकस करते उन्होंने व्यापारियों को आवश्यक समझाइश दी। आयुक्त ने नया बस स्टैंड परिसर पहुंच बस स्टैंड की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर नियमित साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही बस स्टैंड के व्यापारियों से नगर निगम का सहयोग करते अपने अपने दुकानों, होटलों का कचरा को डस्टबिन में रख कचरा संग्रहण वाहनों में डालने की बात कही।

# मरकाटोला में नवीन धान खरीदी केंद्र व शिक्षक, अनुकंपा नियुक्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों से कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए अग्रेषित किया। आयोजित जनदर्शन में कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में वार्ड क्रमांक 15 पीव्ही 116 पखांजूर निवासी करूणा बढ़ाई ने अनुकंपा नियुक्ति की मांग, पीव्ही 74 के ऋषभ राय ने पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण, ग्राम तुमसनार के कोमरा द्वारा फाईनेंस कंपनी से ट्रक की वापसी, अनिता विश्वकर्मा ने जीवन यापन के लिए कमान एलाट कराने, चून्नूलाल भेड़िया द्वारा वाहन दुर्घटना से मकान की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने, हरिचन्द्र ने आगजनी होने पर क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की। इसी तरह जनपद सदस्य द्वारा ग्राम डुमरपानी व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर पर पुलिया निर्माण कराने, ग्राम पुरी चारामा में भू-नक्शा में सुधार कराने सहित जाति प्रमाण पत्र बनवाने, राशन कार्ड बनवाने, आवास की स्वीकृति, रोजगार एवं मुआवजा हेतु आवेदन के साथ विभिन्न मांग एवं शिकायत के आवेदन प्रस्तुत किये।

कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर उचित कार्रवाई करने के लिए संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित किया। इस अवसर पर डीएफओ भानुप्रतापपुर हेमचंद पहारे, बीएस उईके, जितेन्द्र कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, सभी अनुविभागीय अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**जनदर्शन में कलेक्टर लोगों से मिले**



दिवस : डा. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को किया शुरू

# अंतागढ़ के गोंडवाना भवन प्रांगण में धूमधाम से मनाया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अंतागढ़ के समस्त गायता पटेल परगना मांझी मुदीया एसटी, एससी, ओबीसी मूल निवासी समाज द्वारा अंतागढ़ के गोंडवाना भवन प्रांगण में मंगलवार को संयुक्त रूप से भारत के संविधान को 75वीं वर्ष पूरे होने पर धूमधाम से संविधान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम बाबा साहेब आंबेडकर के प्रतिमा पर पूजा अर्चना और माल्यार्पण कर सभी बाबा साहब अंबेडकर को नमन करते हुए संविधान के प्रस्तावना का वाचन करते हुए सभी ने शपथ लिया एवं कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अंतागढ़ में भी एसटी, एससी और ओबीसी संयुक्त संगठन समाज द्वारा 26 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम में बिलासपुर से पहुँचे मुख्य प्रवक्ता विनोद कौशले ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को सविधान सभा में



अंगीकृत अधिनियमित और आत्मसमर्पित किया गया था। भारत राज्यों का एक संघ है हमारा देश संसदीय प्रणाली पर आधारित एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी लोकतांत्रिक गणराज्य है। यह गणराज्य सविधान के द्वारा शासित है एवं हमारा सविधान विश्व का सबसे बड़ा एवं लिखित सविधान है। मूल संविधान में 22 भाग 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियां वर्तमान में 104 संशोधनों के बाद 25 भाग 448 अनुच्छेद और 12 अनुसूचियां है। कई देशों के संविधान के अध्ययन करने के बाद भारतीय संविधान को लागू किया गया। भारत में हर साल 26 नवंबर को भारतीय संविधान दिवस मनाया जाता है और साथ ही अंबेडकर एवं उनके योगदान को संक्षिप्त रूप में छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किया। पूर्व विधायक अनूप नाग ने बाबा साहब अंबेडकर को नमन करते हुए सविधान के बारे में जानकारी दी और सभी को बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने कहा। मंच का संचालन एबीईओ प्रवीण चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एसटी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष संतराम सलाम, एससी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम रामटेके, ओबीसी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश गुप्ता मंटुल सहित वीर सिंह उसेंडी, जनपद पंचायत अध्यक्ष बद्री गावड़े, विश्राम गावड़े, सुभद्रा सलाम, मनोरमा मंडावी, कुलदीप खापर्डे, तरुण खापर्डे, ओबीसी समाज के जिलाध्यक्ष माधेश्वर जैन, रेंजर ठाकुर, देवनाथ मांझी, प्रशांत रंगारी तथा सभी समाज के प्रमुख स्कूल कॉलेज बच्चे शामिल रहे।



### संविधान दिवस की स्पर्धाओं के विजयी प्रतिभागी पुरस्कृत

**कांकेर।** संविधान दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएनएस के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापको एवं एनएनएस स्वयं सेवको ने भारतीय संविधान के महत्व को समझने और सम्मनित करने के लिए अनेक गतिविधियों में भाग लिया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार साहू द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ करने से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया की भारतीय संविधान भारत के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है और हमें एकता, समानता और समजिक न्याय का संदेश देता है। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हमारा संविधान, हमारा अधिकार विषय पर चर्चा भी की और संविधान से जुडे विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए। इसके बाद छात्र-छात्राओं एवं एनएनएस स्वयं सेवको के बीच भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं ड्राइंग प्रतियोगिता किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अरमान शर्मा बीएससी भाग तीन तथा द्वितीय स्थान अतुल साहू बीएससी भाग तीन, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रवनीत और ग्रुप बीएससी भाग तीन, द्वितीय स्थान राशि राव और ग्रुप बीएससी भाग एक, ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रवनीत प्रताप देव बीएससी भाग एक, द्वितीय स्थान अक्षत मखीजा बीकॉम. भाग एक तथा तृतीय स्थान वर्षा चंद्राकर बीएससी भाग एक पर रहें।

# खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएमधान से मौके पर ही भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

किसानों की सुविधाओं को दृष्टिगत करते हुए राज्य शासन द्वारा धान उपार्जन केंद्रों में ही अनेक सहूलियतें मुहैय्या कराई जा रही हैं, उनमें से एक है धान खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा। जिले के दूरस्थ अंचल में स्थित केंद्रों में किसानों को त्वरित नकदी प्रदाय करने के उद्देश्य से माइक्रो एटीएम मशीन उपलब्ध कराई गई है। जिले के दुर्गूकोंदल विकासखंड के ग्राम कोदापाखा में स्थित धान उपार्जन केंद्र में किसानों को धान बेचने के बाद मौके पर ही नकद राशि का भुगतान माइक्रो एटीएम के जरिए किया जा रहा है। इस सुविधा से स्थानीय किसानों को अब 10 से 12 किमी ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल जाना नहीं पड़ता। कोदापाखा केंद्र में धान बेचने के बाद ग्राम बंगाचार से आए किसान मिलाप राम पटेल ने यहां उपलब्ध माइक्रो एटीएम का उपयोग किया और ट्रायल के रूप में एक हजार रुपए निकाले। उन्होंने बताया कि आसपास के गांवों में बैंक की सुविधा नहीं है, जिसके चलते क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों को 10-12 किमी. दूर ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि माइक्रो एटीएम का उपयोग बहुत ही आसान है। आधार नंबर और फिंगर प्रिंट के माध्यम से नकद राशि प्राप्त की जा सकती है।



- किसान को पैसे के लिए नहीं जाना पड़ा 12 किमी दूर स्थित बैंक

# भीरागांव में सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन



**भानुप्रतापपुर।** एनएसएस इकाई द्वारा भीरागांव का सात दिवसीय शिविर में ग्राम घोड़ा बत्तर में आयोजित शिविर के अंतिम दिवस पर विधायक सावित्री मनोज मंडावी, जिला एवं जनपद सदस्यों का भी आगमन हुआ। समापन समारोह पर विधायक के द्वारा स्वयंसेवकों को अनुशासन एवं संविधान दिवस के बारे में विस्तार से बताया।


इस शिविर में ग्रामवासी एवं हमारे 59 स्वयंसेवक तथा अन्य सहयोगी के रूप में 10 वरिष्ठ स्वयंसेवक उपस्थित रहे। समापन अवसर पर समस्त ग्रामवासी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। प्राचार्य नेम सिंह गंवारे ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिविर के बाद स्वंय सेवक उनका मुख्य ध्यान पढ़ाई में करना है। समापन के अंतिम में विधायक के द्वारा एनएसएस झंडा का आरोहण कर इसे महादल नायक अरुणा एवं जोसेफ को सौपा। शिविर का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी लकेश साहू एवं उसके सहयोगी डोमेंद्र ऊके के सानिध्य में समापन किया गया।

# मां की हत्या पर पुत्र को मिली आजीवन कारावास की सजा

**भानुप्रतापपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश भानुप्रतापपुर के द्वारा आरोपी निवासी ग्राम आमाकोट थाना सिकसोड 44 वर्ष बाल सिंह नूरुटी पिता स्व. मंगूराम नूरुटी के खिलाफ धारा 302 आईपीसी के तहत आजीवन कारावास व 500 रुपए अर्थदंड वायतिक्रम पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास व धारा 325 आईपीसी के तहत 03 वर्ष का सश्रम कारावास व 500 रुपए अर्थदंड वायतिक्रम पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास से दंड की सजा सत्र न्यायाधीश दीपक कुमार गुप्ता ने सजा सुनाया। अभियोजन की तरफ से पैरवी टीएस यादव अतिरिक्त लोक अभियोजक द्वारा किया गया।

जानकारी के अनुसार सिकसोड़ थानांतर्गत ग्राम आमाकोट में 26 दिसंबर 2019 की रात्रि साढ़े 8 बजे आरोपी बाल सिंह नूरुटी अपने खेत कोठार के पुराने लाड़ी में जोर-जोर से चिल्ला रहा था और गाली दे रहा था, जिसे उसकी माँ जुगतीन बाई चिल्लाने और गाली देने से मना कर रही थी। माँ के मना करने पर आरोपी द्वारा गुस्से में आकर कहने लगा कि मुझे बार बार मना करती है, कहकर पास में पड़े बांस के डंडे से अपनी माँ को मारने लगा, जिससे उसकी माँ चिल्लाने लगी। आरोपी का छोटा भाई बलदेव नूरुटी बीच बचाओ के लिए आया, तो उसको भी डंडा से मारपीट किया और गुस्से में आकर माँ जुगतीन बाई के सिर, चेहरे एवं सीना में डंडे से मारपीट कर चोट पहुँचाकर उसकी हत्या कर दिया। थाना सिकसोड में धारा 302, 325 आईपीसी के तहत एफ़आईआर दर्ज किया गया। मामले की विवेचना निरीक्षक अमित पदमशाली के द्वारा किया गया था। 26 जून 2020 को सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में उपर्पित किया गया, जहां विचारण के दौरान आए साक्ष्य के आधार पर आरोपी को दंड से दंडित किया गया।

# पैराडाइज वार्षिक खेलकूद 30 तक विद्यार्थी बढ़-चढ़ कर ले रहे हैं भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में 27 से 30 नवंबर तक चलने वाली वार्षिक खेलकूद का आयोजन प्राचार्य रश्मि रजक के द्वारा मशाल प्रज्वलित कर स्कूल के छात्रों के द्वारा स्कूल से लेकर ईमलीपारा तक पहुचाकर एवं मुख्य अतिथि जिला सहायक संचालक लक्ष्मण कावड़े, विशिष्ट अतिथि खेल अधिकारी आबिद खान एवं विशिष्ट अतिथि संजय जैन जिला खेल अधिकारी के द्वारा खेल ध्वज फहरा कर परेड की सलामी लेते हुए किया गया। खेल का प्रारंभ अतिथियों के द्वारा डिस्कस थ्रो के द्वारा प्रारंभ किया गया।

आयोजित वार्षिक खेलकूद के प्रथम दिवस के खेल में जूनियर एवं सिनियर ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ लम्बी कूद, ऊची कूद, बैडमिंटन, बास्केटबाल, शतरंज, कैरम, रिले रेस आदि खेलों मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सब जूनियर ग्रुप के लिए सैंक रेस, स्किप रोप कराया गया। मिनी जूनियर ग्रुप को म्यूजिकल चेयर खेल इन्चार्ज टीचर द्वारा कराया गया। स्कूल के चार हाउसेस रेड हाउस, ग्रीन हाउस येलो हाउस, आरेंज हाउस के छात्र आपस में खेलकर विजेता एवं उप विजेता बनेगें।

सिनियर एवं जूनियर बास्केटबाल कराया गया। इन सभी खेलकूद को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ाई, रामेश्वरी साहू, प्रशांत कुमार उइके, यमुना बिलोधिया, संतोष कुमार ठाकुर, दीपांजली, गोगोई, वर्षा रमानी, एस. मर्सी, मेघा सेवा, शबाना परवीन, तीरथ साहू, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, प्रतीक सिह, संगीता भारती, जीतूदास माण्डले, सरिता मिश्रा, सुचिस्मिता खान, इतिश्री गोलुगुरी, अनिल कुमार ढाके, उज्जवल निर्मलकर, शांति लीना नेताम, रीया सोनी, प्रीतिलता, सुन्नदा शर्मा, शिखा मेहरा, रचना शर्मा, लक्ष्मीनारायण नामदेव, तुलसी निषाद, अपूर्वा ठाकुर, टांकेश्वर साहू, सुकदेव सरकार, सलमा खान, पविन्द्र साहू, पेकेंटेश, रिंकी सेठी, शिल्पी पालित, पार्वती गजबल्ला, देवश्री साहू, निधि साहू, प्रियंका श्रीवास्तव, सपना पाण्डे, कमलप्रीत कौर, अभिनव सिंह, आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

# रासयो शिविर के समापन में विधायक ने बेहतरी स्वयंसेवकों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिलेझर और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेपरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाई द्वारा ग्राम चारभाटा में संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन 25 नवंबर को भानुप्रतापपुर विधानसभा की विधायक सावित्री मनोज मंडावी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अतिथियों ने बेहतर कार्य करने वाले स्वंय सेवकों को पुरूस्कृत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने स्वंय सेवकों से राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया एवं उन्हें अपनी आगामी परीक्षाओं में अच्छे नंबर से पास होने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित ग्राम चारभाटा के सरपंच कमलकांत कश्यप ने स्वयं सेवकों के कार्य को सराहना किया एवं उन्हें अच्छा इंसान बनने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में विधायक के हाथों समस्त श्रेष्ठ स्वयं सेवकों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर शाउमा विद्यालय लिलेझर के प्राचार्य हिमालय सिंह गंगराले, शाउमा विद्यालय जेपरा के प्राचार्य शेख सज्जाद खान, व्याख्याता विजय राय, उप सरपंच योगेश कुमार गावड़े, प्रेमलता सुकदेवे, महेन्द्र नायक एनएसयूआई अध्यक्ष, हिम्मत साहू एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय राय ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन शाउमावि जेपरा के कार्यक्रम अधिकारी योगेंद्र चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर स्वयंसेवक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित को चार लाख रुपएं की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया है। तहसील सरोना के ग्राम बांगाबारी की डेढ़ वर्षीय जिज्ञासु नेताम की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके माता-पिता नरेश कुमार और खोरिन बाई को संयुक्त रूप से चार लाख रूपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

# सामुदायिक भवन का भूमिपूजन एवं मितानिन भवन लोकार्पित



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत छत्तीसगढ़ कोसरिया पटेल मरार समाज एवं मितानिन दुर्गुकोंदल के सम्मान समारोह में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सावित्री मनोज मंडावी के द्वारा सामुदायिक मितानिन भवन का पलाचूर का लोकार्पण एवं छत्तीसगढ़ कोसरिया पटेल मरार समाज के सामुदायिक भवन 5 लाख रूपए का भूमि पूजन लोकार्पण किया। आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि पटेल समाज अपने समाज के लिए एक सूत्र में रहकर सामाजिक दायित्वों का अच्छे से निर्वाह करें और एक दूसरे का सहयोग कर आने वाले पीढ़ी का देखरेख अच्छे से करें। बच्चों को शिक्षा के प्रति आगे प्रेरित करें एवं समाज के हित में विभिन्न शैक्षणिक सामाजिक सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों से जोड़कर लोगों को एक सूत्र में बंधकर काम करने का आव्हान किया और एकरूपता होकर लोगों के हित में काम करने की बात कही। इसी प्रकार से मितानिन कार्यक्रम के अंतर्गत मितानिनों का गांव-गांव में अच्छे से काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से लोगों को हर तरह से जानकारी स्वास्थ्य संबंधी बीमार व्यक्ति एवं डिलीवरी के लिए महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाना एवं अन्य कार्य के प्रति मितानिन बहने जागरुक कर रहे हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ कोसरिया पटेल मरार समाज के ब्लॉक अध्यक्ष विजय पटेल, संरक्षक युवराज पटेल, जगदीश पटेल, जोहर पटेल, शोहदा पटेल, सत्य पटेल, किरण पटेल, देवलाल पटेल, तुकाराम रेनू, राम पटेल, विष्णु पटेल, जोहर पटेल, रमेश पटेल, व्यास नारायण गणेश पटेल एवं अन्य समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनी (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवाताल), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांगा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:- स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411